1358
21/07/2025

**दिनांक 16.07.2025 (बुधवार) को सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय पदाधिकारियों के साथ लंबित एवं महत्वपूर्ण मामलों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**संग्रहालय निदेशालय**

1. वैशाली सम्यक दर्शन–सह–स्तूप संग्रहालय का जुलाई माह के अंत में उद्घाटन प्रस्तावित है। उसे देखते हुए दर्शकों के सुचारू रूप से आगमन एवं संग्रहालय के विषय में जानकारी के लिए वेबसाईट तैयार करना, जिसमें टिकट की उपलब्धता, अतिथिगृह एवं अन्य जानकारियाँ इस वेबसाईट के माध्यम से दर्शकों को उपलब्ध कराये जाने हेतु विभागीय पी०एम०यू० लीड को निदेश दिया गया।

2. वैशाली सम्यक दर्शन–सह–स्तूप संग्रहालय में अतिथि–गृह, मेडिटेशन सेंटर, पुस्तकालय और विजिटर सेंटर का निर्माण हो चुका है उसे हस्तगत ( Hand Over) करने हेतु विभागीय कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को संयुक्त रूप से निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

3. विभिन्न राजकीय संग्रहालयों के परिसरों में जहाँ–जहाँ सभागार है वहाँ की वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

4. विभिन्न राजकीय संग्रहालयों में आगंतुकों के आगमन (Footfall) की सूची उपलब्ध कराने तथा संग्रहालयों में आगंतुको के आगमन (Footfall) की संख्या बढ़ाने के लिए सभी जिला के संग्रहालयों में प्रत्येक माह में कम–से–कम दो कार्यक्रम Activity/Film सरकारी एवं निजी विधालय के बच्चों के साथ आयोजित कराने हेतु सभी संग्रहालयाध्यक्षों/सहायक संग्रहालयाध्यक्षों को निदेश दिया गया। साथ ही कार्यक्रमों के बीच जीविका दीदी का स्टॉल लगाने का निदेश दिया गया। इन्हीं कार्यक्रमों के आधार पर ही सभी संग्रहालयाध्यक्षों/सहायक संग्रहालयाध्यक्षों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा, का निदेश दिया।

5. सभी संग्रहालय में एक रूम निर्धारित कर आगंतुकों के लिए रोचक बनाने हेतु V.R. प्रोजेक्सन यूनिट को अपनाने हेतु निविदा तैयार कर सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

6. विभिन्न राजकीय संग्रहालयों में टिकट घर निर्माण में विभागीय स्तर पर बजट शीर्ष खोलने हेतु संचिका वित्त विभाग, बिहार को संचिका पृष्ठांकित की गई है। वित्त विभाग से बजट शीर्ष खोलने में विलम्ब होने पर, इस हेतु राशि सीधे जिला पदाधिकारी को राशि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

## पुरातत्व निदेशालय–

7. पुरातत्व भवन के निर्माण के संदर्भ में भवन निर्माण विभाग से प्राप्त संशोधित नक्शा को संचिका में उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

8. सी0एस0आर0 गतिविधि के तहत कार्य योजना प्रारम्भ होने में हो रहे विलम्ब को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025–26 में प्राथमिकता के आधार पर 04–05 राजकीय सुरक्षित घोषित पुरास्थलों/स्मारकों का संरक्षण कार्य कराये जाने का निदेश दिया गया।

9. सारण जिला अवस्थित करिंगा मकबरा के अधिसूचित भूमि से सटे सरकारी भूमि की राजस्व विवरणी प्राप्त करते हुए स्मारक एवं पुरास्थल का समेकित रूप से कार्य योजना तैयार कराने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में यह भी प्रस्तावित किया गया कि करिंगा मकबरा के समीपवर्ती भू–खण्ड पर कलाग्राम का अधिष्ठापन हेतु कार्य योजना में समाहित किया जाय।

10. सभी राजकीय सुरक्षित घोषित पुरास्थलों/स्मारकों पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा कर्मियों की वास्तविक उपस्थिति के आधार पर उसका भुगतान करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि यदि सुरक्षा कर्मियों की सेवा संतोषजनक नहीं है तो नये सिरे से सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्रवाई की जाय।

11. रोहतास जिला अवस्थित केन्द्रीय संरक्षित अधिसूचित स्मारक शेरशाह सूरी का मकबरा का विभागीय अभियंताओं द्वारा समर्पित स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर स्मारक परिसर एवं स्मारक पर रौशनी की व्यवस्था हेतु भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से पत्राचार करने का निदेश दिया गया।

## सांस्कृतिक कार्य निदेशालय–

12. जिलों में प्रेक्षागृह सह–आर्टगैलरी/अटल कला भवन के रख–रखाव एवं सुचारू संचालन हेतु पूर्व में निर्मित संचालन नियमावली को संशोधित करने का निदेश दिया गया।

13. मुख्यमंत्री गुरू–शिष्य परंपरा योजना से संबंधित सभी प्रकार के आवश्यक प्रपत्र तैयार कर शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

14. बेगूसराय जिले में कला ग्राम के निर्माण हेतु ई०ओ०आई० आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।

15. राज्य में कला बाजार के आयोजन हेतु उचित स्थल चयनित कर शीघ्र आयोजन हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

16. बिहार मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 24.07.2025 को करने का निदेश दिया गया।

17. निदेशालय अंतर्गत निर्मित सभी प्रेक्षागृह में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के माध्यम से माह में कम–से–कम एक सांस्कृतिक कार्यक्रम / कार्यशाला / सेमिनार / फिल्म प्रदर्शन कराने हेतु निदेश दिया गया।

18. भारतीय नृत्य कला मंदिर में अवस्थित Open theatre को शीघ्र कार्यरत कराने का निदेश दिया गया। साथ ही Open theatre में नवम्बर माह से मार्च माह तक सप्ताहिक कार्यक्रम कराने हेतु रूप रेखा तैयार करने संबंधी निदेश प्रशासी पदाधिकारी, भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना को दिया गया।

19. ललित कला अकादमी के संगम ज्ञापन में उल्लिखित कार्यों के आलोक में अकादमी को कार्यशील बनाने हेतु गतिविधियाँ बढ़ाने का निदेश दिया गया।

**स्थापना**

20. स्वच्छता पोर्टल के संबंध में विभागीय अंतर्गत जितने भी कार्य योजना लंबित है उसे अद्यतन कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश आई० टी० प्रबंधक को दिया गया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई।

**(प्रणव कुमार)** भा.प्र.से. 18/7/25
सरकार के सचिव,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग।

ज्ञापांक 1358 / पटना, दिनांक 21/07/2025

प्रतिलिपिः–मा० मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के आप्त सचिव / सभी निदेशक / संयुक्त सचिव / आंतरिक वित्तीय सलाहकार / सभी उप सचिव / कार्यपालक अभियंता / सभी विशेष कार्य पदाधिकारी / क्षेत्रीय उप निदेशक / महाप्रबंधक, बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना / सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, मुजफ्फरपुर / परामर्शी (फिल्म) / परामर्शी (वित्त एवं लेखा), बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना / पी०एम०यू० लीड / सभी प्रशाखा पदाधिकारी / सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी / आई0 टी0 प्रबंधक, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**(रूबी)**
सरकार के संयुक्त सचिव।